डाक पंजीयनक्र. मालवा डिविजन /404/2025-27 RNI MPHIN/2022/86763



# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com



स्व. पूज्य पिता रतनलाल जी माहेश्वरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी(जेल) रानापुर जिला झाबुआ के चरणों में सादर समर्पित

हिन्दी सांध्य दैनिक | इंदौर , शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 | वर्ष-03 अंक-252 पृष्ठ-08, मूल्य-3: 00

# नीमच में गर्व और सम्मान के साथ आयोजित की गई 86वीं के.रि.पु.ब दिवस परेड

# देश से नक्सलवाद 2026 तक हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा- गृहमंत्री श्री अमित शाह

**नक्सलवाद के उन्मूलन में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान है-केंद्रीय गृह मंत्री**

**सीआरपीएफ को देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे बड़े अर्द्ध सैनिक बल होने का गौरव हांसिल है।**

**केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ,नीमच में केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के 86वे स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए**

**केंद्रीय गृह मंत्री ने सीआरपीएफ स्थापना दिवस समारोह की भव्य परेड़ का निरीक्षण कर, परेड़ की सलामी ली**

**गृहमंत्री श्री शाह द्वारा सीआरपीएफ के जवानो को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर किया सम्मानित।**

**केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने नीमच में सीआरपीएफ परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के शहीद जवानों को श्रृंद्धाजली अर्पित।**







**संजय जैन,सह-संपादक।नीमच/ उज्जैन।** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल ने अपनी 86वीं स्थापना दिवस परेड का आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित ग्रुप सेंटर में पूरे सम्मान और उत्साह के साथ किया। यह ऐतिहासिक स्थल, जहां बल की नींव रखी गई थी, एक बार फिर राष्ट्र के प्रति सीआरपीएफ की सेवा, शौर्य और समर्पण की प्रेरणादायी गाथा का साक्षी बना।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। माननीय मंत्री जी का स्वागत सीआरपीएफ के महानिदेशक श्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। परेड से पूर्व, श्री अमित शाह ने ग्रुप सेंटर परिसर स्थित शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कार्मिकों के अदम्य साहस एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने बल की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों, शांति स्थापना के कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों में निभाई गई भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता की कोई बात नहीं। सी आर पी एफ देश मे ही नही वरन पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्ध सैनिक बल है, हम सबके सहयोग से देश मे से 2026 तक नक्सलवाद पूरी तरह खत्म कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा की देश 2047 तक विश्व मे सर्वोच्च बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसमें अमर शहीदों के परिवारों का भी योगदान याद रखा जायेगा इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा परेड की सलामी ली गई जिसमें सीआरपीएफ की आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित किया तथा सराहनीय व विशिष्ट सेवा के लिए अन्य कर्मियों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कोबरा, आरएएफ, वैली क्यूएटी और डॉग स्क्वॉड जैसी विशेष इकाइयों द्वारा प्रभावशाली प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए गए। 86वीं सीआरपीएफ दिवस परेड इस वर्ष 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के अन्तर्गत आयोजित की गई। सामान्यतः सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि 1950 में इसी दिन भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज प्रदान किया था। इस वर्ष नीमच में आयोजन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहीं 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासन के दौरान क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस की स्थापना हुई थी। स्वतंत्रता के बाद, 28 दिसंबर 1949 को सरदार पटेल ने इसे केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) नाम दिया।आज सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है—हर चुनौतीपूर्ण मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में डटे रहकर, सेवा और निष्ठा के अपने मूलमंत्र को चरितार्थ कर रहा है।

## मदन लाल डामर रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सांगवी को लोकायुक्त टीम इंदौर ने 5000 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**प्रदीप पंवार** बदनावर- महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही - आवेदकअनिल निनामा पिता रूगनाथ निनामा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दौलतपुरा ग्राम पंचायत सांगवी तहसील बदनावर जिला धार के द्वारा लोकायुक्त कार्यालय उपस्थित होकर शिकायत की कि उसे एवं उसकी माताजी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पृथक पृथक कुटीर स्वीकृत हुए थे स्वीकृत आवासों की पहली किस्त 25000 - 25000 रु आवेदक एवं उसकी माताजी को मिलना थी अनावेदक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत किस्तो की पहली किस्त



आवेदक एवं आवेदक की माता जी के खाते में डालने के एवज में आवेदक से 15000 रुपए रिश्वत की मांग की गई जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में आरोपी द्वारा 15000/- की मांग की गई। इस प्रकार शिकायत सही पाये जाने पर गुरुवार दिनांक 17-04-2025 को ट्रेप दल का गठन किया गया। आरोपी मदन लाल डामर पिता स्व. चंदूलाल डामर उम्र 38 वर्ष पद रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सांगवी तहसील बदनावर जिला धार द्वारा आवेदक से रिश्वत् राशि 5000/- रू. प्राप्त करने पर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7 के अंतर्गत कार्यवाही सर्किट हाउस बदनावर में की गई। ट्रेप दल निरीक्षक प्रतिभा तोमर रेनू अग्रवाल प्रधान आरक्षक रंजीत द्विवेदी आरक्षक विजय आरक्षक आदित्य भदोरिया आरक्षक कमलेश परिहार आशीष नायडू आशीष आर्य एवं चालक शेर सिंह ठाकुर शामिल थे।

# राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ ली

### सीएम राइज बाग के प्राचार्य स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम आयोजित





**विशाल बाबा नामदेव बाग-धार जिले के बाग नगर मे शासन के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा प्रारंभ किया गया। इसके अंतर्गत गुरुवार को सीएम राइज शाला बाग के समस्त स्टाफ एवं उपस्थित बच्चों ने जल संवर्धन एवं संचयन की शपथ ग्रहण की । संस्था प्राचार्य डी एस बघेल ने शपथ के दौरान बच्चों को उद्बोधन देते हुए बताया कि इस कार्य को हमें एक अभियान के तौर पर करना है।इसका उद्देश्य वर्षा जल का संचयन, संवर्धन,तथा इसके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण से योजना बनाने एवं जागरूकता लाना है।हम स्कूल के साथ ही घर पर भी जल संरक्षण का कार्य करें। साथ ही इस पखवाड़े में शाला स्तरीय जल संरक्षण आधारित कार्यशाला,वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्र कला आदि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।**

## स्वतंत्रता के बाद पहली बार कोई विधायक पहुंचे सुविधाओं से वंचित ग्राम मांजनी,खुली घटिया निर्माण की पोल

**राजेश नाहर खेतिया,,, खेतिया ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत पानसेमल की ग्राम पंचायत मलगांव का ग्राम है-मांजनी। ग्राम मंजनी क्षेत्र का एक ऐसा गांव जहां के नागरिक आज भी पीने के पानी, स्कूल आंगनबाड़ी , रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद पहली बार कोई विधायक ग्राम मांजनी पहुंचा। क्षेत्र के विधायक श्याम बर्डे कल ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास के दौरान अचानक ग्राम मांजनी पहुंचे, ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच देखा तो मन ही मन प्रसन्न दिखाई दिए ,विधायक बर्डे को टकटकी लगाए देखते रहे, विधायक को आए देख प्लास्टिक के पाल से बनी जगह पर खटिया लगाई विधायक को बैठाया ,विधायक ग्रामीणों से उनकी भाषा मे बातचीत करते रहे, ग्रामीणों के साथ ग्राम मांजनी घूम कर देखा तो पाया कि ना तो गांव में हैंडपंप है ना आंगनबाड़ी ना स्कूल,,,,**





**पानी की समस्या बहुत बड़ी दिखाई दी जहां ग्रामीण लगभग 2 किमी दूर से पानी लाते है,रोजगार के लिए कार्य बन्द पड़े है,जिससे ग्रामीण पलायन को मजबूर है, स्वतंत्रता के बाद पहली बार पहुंचे विधायक बर्डे को देखकर ग्रामीणों में उत्साह बना,ग्रमीणों को लिए सुविधा हो इसलिए विधायक श्याम बर्डे ने तत्काल जिला कलेक्टर सुश्री गुंजा सनोबर ,जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री व अन्य विभागों को फोन लगाकर फोन पर चर्चा कर तत्काल ग्राम मांजनी की मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के लिए कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 10 दिन के भीतर नलकूप खनन कर हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए ,जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी को जल संग्रहन हेतु तालाब बनाने व रोजगार मूलक कार्य शिघ्र प्रारम्भ करने हेतु कहा।जनपद पंचायत पानसेमल के कार्यपालन अधिकारी को माँजनी ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।**

**यह पहला अवसर था जब स्वतंत्रता के बाद कोई विधायक इस ग्राम पहुंचा ।खेतिया क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगांव का यह गांव है माँजनी,पंचायत के गांव दूर-दूर बसे हैं जिसमें जालीयापानी भी एक हिस्सा है जहां सिंचाई विभाग मप्र द्वार बनाया बड़ा बांध है जिसमे गाद भरने से जल संग्रहन की क्षमता बहुत कम हो गयी है।ग्राम मांजनी के ग्रामीण विधायक की ओर एक टक देखते ही रहे जब विधायक में ग्रामीणों से बात कर उनके लिए मूलभूत सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन से बात की तो उनके चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई देने लगी ,इसी दौरान विधायक मांजनी को सड़क से जोड़ने के लिए बना रही देवगढ़ मांजनी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे सड़क निर्माण में चल रही भारी अनियमितता को देखकर विधायक ने तत्काल सड़क निर्माण के अधिकारियों को फोन लगाकर निर्माण स्थल पर उपस्थित होने के लिए कहा। वस्तु स्थिति यह है कि देवगढ़ से मंजनी को जोड़ने वाली सड़क पर मिट्टी की रेत से निर्माण कार्य चल रहा है ,पानी की तराई नही हो रही,स्तरहीन निर्माण सामग्री के उपयोग से हाथ लगाते ही निर्माण कार्य भरभराकर गिर रहा है,करोड़ो की लागत से हो रहे सड़क निर्माण मेंघटिया निर्माण सामग्री व स्तरहीन निर्माण के चलते विधायक बर्डे ने नाराजगी जताते हुए तत्काल अधिकारियों को बुलाया । ग्रामीण क्षेत्र का यह वह इलाका है जहां कोई जनप्रतिनिधि तो पहुंचता नहीं ऐसे में अधिकारी क्या पहूँचते होंगे??,इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी,ग्राम व ग्रामीणो के विकास की अपनी प्रतिबद्धता के चलते जब विधायक बर्डे पहुंचे तो ग्राम की वस्तु स्थिति व चल रहे घटिया निर्माण की पोल सामने आ गयी, ग्राम माँजनी पानसेमल विधानसभा क्षेत्र का सीमापवर्ती ग्राम है जिसकी सीमा बड़वानी विधानसभा क्षेत्र को लगती ।बड़वानी जिले का यह दूरस्त ग्राम मूलभूत सुविधाओं से वंचित जिसको लेकर विधायक बर्डे की पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक बर्डे का कहना है कि ग्रामीणों के लिए सुविधाएं मिले इसके लिए हमारा प्रयास निरंतर है, में ग्राम मांजनी पहुंचा देवगढ़ से मांजनी सड़क का निर्माण घटिया किस्म से किया जा रहा है जिसमें मिट्टी की रेत व बगैर कोई मापदंड के कार्य होता दिखाई दे रहा है जिसकी जानकारी व शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को की गई ग्रामीणों के लिए मिलने वाली सुविधाओं में कोई कसर नहीं रखी जाएगी,निर्माण कार्य का स्तर ठीक होना चाहिये,,स्तरहीन होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने से भी हम हिचकिचाएंगे नहीं। विधायक बर्डे के प्रवास के दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस जनपद प्रतिनिधि पंडित माली, विजय चौधरी,बालकृष्णा पाटिल, सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।**

## घनश्याम कुमावत इटावा खुर्द सरपंच के घर लोकायुक्त की ट्रैपिंग की कार्यवाही,20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**उपेन्द्र पाटोदिया** रतलाम- महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर उज्जैन लोकायुक्त की ट्रेप की कार्यवाही। विनोद डाबी निवासी बीजाखेड़ी ने लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की थी ।आवेदक ने बताया कि उसकी मां सुगन बाई के नाम स्वीकृत पीएम आवास की दूसरी किस्त उसके खाते में डलवाने के लिए वह सरपंच घनश्याम कुमावत के पास गया था जहां सरपंच ने 20 हजार रुपए की अवैध मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उज्जैन लोकायुक्त एस पी अनिल विश्वकर्मा के निर्देश पर डीएसपी दिनेश पटेल के नेतृत्व में टीम गठित की गई ।सोमवार को प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई इसके बाद बुधवार को सरपंच को रंगे हाथ ट्रैप की



योजना बनाई गई ।जैसे ही शिकायतकर्ता विनोद ने सरपंच घनश्याम कुमावत ग्राम पंचायत इटावा खुर्द जिला रतलाम को रुपए 20 हजार दिए वैसे ही लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने तत्काल दबिश दी और घनश्याम कुमावत सरपंच ग्राम पंचायत इटावा खुर्द जिला रतलाम को रिश्वत सहित रंगे हाथों पकड़ लिया।आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा -7 के अंतर्गत कार्यवाही सरपंच घनश्याम कुमावत के निवास पर की गई । लोकायुक्त टीम में डीएसपी दिनेश पटेल,निरीक्षक हिना डाबर ,प्रधान आरक्षक हितेश ललावत,आरक्षक इसरार,अनिल अटोलिया,श्याम शर्मा और नेहा मिश्रा शामिल रहे।

# मध्यप्रदेश के ख्यातिप्राप्त गोंडी कलाकारों ने गीतों और नृत्य से श्रोताओं का दिल जीत लिया



बैतूल / छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश की समृद्ध गोंडी सांस्कृतिक विरासत एक बार फिर दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी, जब प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने अपने सुपरहिट गीतों और मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सिवनी कान्हीवाड़ा के प्रसिद्ध गायक एवं लेखक बसंत सिंगमारे के सुपरहिट गोंडी गीत सांगों बड़ा कमाल है ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शाहपुर कोटमी के शिवम इरपाचे द्वारा लिखा और गाया गया गीत ले जाऊ होशंगाबाद ने खूब तालियां बटोरी। मेरे भोला चले ससुराल फेम गायिका रेशम प्रधान और नीवा नजर से चर्चित मनीषा परतेती की शानदार प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। सिवनी की रूपाली उईके और दमुआ के गायक जगदीश मरकाम ने भी अपने दमदार गायन से आयोजन को विशेष बना दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन और निर्देशन ओम म्यूजिक जॉन के डायरेक्टर एवं गायक ओम प्रधान द्वारा किया गया, जिनके चर्चित गीत छिंदवाड़ा नार ने भी भरपूर लोकप्रियता हासिल की। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सागर उइके डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक और आधुनिक नृत्य ने माहौल को जीवंत बना दिया। प्रदेश की लोकसंस्कृति को जीवंत रखने वाले इन कलाकारों की प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि गोंडी संगीत और नृत्य आज भी लोगों के दिलों की धड़कन बना हुआ है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशासनिक अमले के साथ पंचकोशी यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया





उज्जैन,कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक अमले के साथ पंचकोशी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मार्गों की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के साथ की। इसके पश्चात उन्होंने यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात पिंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के आसपास के मार्ग को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो। त्रिवेणी शनि मंदिर पड़ाव स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने त्रिवेणी घाट की सफाई, फव्वारों की स्थापना एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने करोहन पड़ाव स्थल पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, विशेषकर स्वच्छता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। नलवा पड़ाव स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को यात्रियों हेतु शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अम्बोदिया स्थित बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की तथा संबंधित अधिकारियों को अम्बोदिया पहुंच मार्ग की मरम्मत एवं मार्ग की लेवलिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। पड़ाव स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सेवा धाम आश्रम, अम्बोदिया के संचालक श्री सुधीरभाई गोयल द्वारा नवागत कलेक्टर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने यहां बिल्वकेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन अर्चन भी किया। कलेक्टर ने कालियादेह महल पड़ाव स्थल का निरीक्षण कर बावन कुंड का अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को श्रद्धालुओं हेतु शावर की स्थापना तथा घाट की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचकोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सभी विभाग समन्वयित प्रयास करें।

## संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**नीमच** म.प्र.शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। स्वरोजगार परियोजनाओं के लिए राशि एक लाख से पचास लाख रूपये तक, शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड समग्र आईडी, संबंधित कोटेशन एवं पासपोर्ट साईज का एक फोटो संलग्न कर आवेदन कर सकते है। योजना के तहत ब्याज अनुदान अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अनुदान, अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा। म.प्र.शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। आवेदक samast.mponline.gov.in पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

## भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**नीमच** म.प्र.शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। स्वरोजगार परियोजनाओं के लिए राशि एक लाख से पचास लाख रूपये तक, शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ओवदक की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड समग्र आईडी, संबंधित कोटेशन एवं पासपोर्ट साईज का एक फोटो संलग्न कर आवेदन कर सकते है। योजना के तहत ब्याज अनुदान अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अनुदान, अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा। म.प्र.शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। आवेदक samast.mponline.gov.in पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

# नीमच में आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

### ज्ञान दान अभियान किताबें दान करें, जीवन संवारें







नीमच मध्यप्रदेश एमपीएसआरएलएम की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक नई पहल की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन भोपाल के निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक श्री अमित खरे के मागदर्शन में 17 अप्रैल 2025 से गिरदौडा में आजीविका संकुल स्तरीय संगठन गिरदौडा में अंतर्गत संचालित नारी शक्ति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र भरभडिया में 'ज्ञान दान अभियान' का शुभारंभ कर, आजीविका पुस्तकालय व आजीविका ज्ञान केंद्र का जनपद सदस्य श्री रतन मालावत ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक श्री शम्भु मईडा, जनपद सीईओ श्री राजेन्द्र कुमार पालनपुरे, सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षक), श्री प्रकाश प्रालिया, विकासखंड प्रबंधक श्री राजेन्द्र कुमार चौहान, श्री आशीष भगोरे एवं सुनिल नागराज, एवं सीएलएफ अध्यक्ष श्रीमति रिटा जाटव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 30 बच्चों ने भाग लिया और अपने सुझाव भी पुस्तकालय के लिए दिए। पुस्तकालय स्थापना का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को पढ़ने की बेहतर सुविधा एवं पुस्तक उपलब्ध करवा कर भविष्य बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाना है। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत लोग 'जो लोग प्रतियोगिता में सफल हो चुके है उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें' दान कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री रतन मालावत ने तीन हजार रूपये की दान राशि की घोषणा भी की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव की मौजूदगी में प्रारंभ होगी 'वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

विकसित भारत @2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन

**जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन**

**उज्जैन,** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूँगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी।

**प्रमुख विषय - वन संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन** राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

**राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन राज्यपाल श्री पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष श्री हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केन्द्रित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला वनों, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय आजीविका को केंद्र में रखते हुए एक सतत और न्यायसंगत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संपादकीय

# अमेरिका और चीन के बीच ट्रैरिफ वार और भारत

**अमेरिका ने चीनी सामान के आयात पर 245 पर्सेंट के टैरिफ का ऐलान किया है। अब तक यह 145 फीसदी लग रहा था, लेकिन जब चीन ने भी जवाबी एक्शन लेते हुए चीनी आयात पर टैरिफ 125 फीसदी तक कर दिया तो अमेरिका ने भी इसमें इजाफा किया है। वाइट हाउस की ओर से मंगलवार देर रात यह जानकारी दी गई है कि चीनी सामान के आयात पर अब 245 फीसदी का टैरिफ लगेगा। अब तक चीन पर 145 पर्सेंट का टैरिफ लगाया जा रहा था, लेकिन मंगलवार को इसमें एक साथ 100 पर्सेंट का इजाफा कर दिया गया। अमेरिका की ओर से यह फैसला बेहद सख्त है, जबकि उसने भारत समेत तमाम देशों पर लगाए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक लिया है। दरअसल ऊर्जा से लेकर विमानन और रक्षा तक कई क्षेत्रों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के नियंत्रण को लंबे समय से वैश्विक जोखिम के रूप में देखा जा रहा है।**

अमेरिका ने चीनी सामान के आयात पर 245 पर्सेंट के टैरिफ का ऐलान किया है। अब तक यह 145 फीसदी लग रहा था, लेकिन जब चीन ने भी जवाबी एक्शन लेते हुए चीनी आयात पर टैरिफ 125 फीसदी तक कर दिया तो अमेरिका ने भी इसमें इजाफा किया है। वाइट हाउस की ओर से मंगलवार देर रात यह जानकारी दी गई है कि चीनी सामान के आयात पर अब 245 फीसदी का टैरिफ लगेगा। अब तक चीन पर 145 पर्सेंट का टैरिफ लगाया जा रहा था, लेकिन मंगलवार को इसमें एक साथ 100 पर्सेंट का इजाफा कर दिया गया। अमेरिका की ओर से यह फैसला बेहद सख्त है, जबकि उसने भारत समेत तमाम देशों पर लगाए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक लिया है। दरअसल ऊर्जा से लेकर विमानन और रक्षा तक कई क्षेत्रों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के नियंत्रण को लंबे समय से वैश्विक जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी निर्यात पर प्रतिबंधात्मक उच्च टैरिफ लागू किए जाने के बाद चीन के नेताओं ने भी इस आर्थिक हथियार का इस्तेमाल आरंभ कर दिया है जिसके बारे में लंबे समय से आशंकाएं प्रकट की जा रही थीं। चीन ने निर्यातक के पास समुचित लाइसेंस न होने की स्थिति में 7 दुर्लभ खनिजों का निर्यात प्रतिबंधित कर दिया है। चीन के पास 17 ऐसे खनिजों की सूची है। अधिकांश निर्यातकों ने ध्यान दिया कि फिलहाल वहां प्रभावी लाइसेंसिंग व्यवस्था नहीं है और कम से कम निकट भविष्य में इसका मतलब निर्यात पर प्रतिबंध लगने जैसा ही है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या चीन के अधिकारी वास्तव में कोई निर्यात लाइसेंसिंग प्राधिकार गठित करना चाहते हैं और उसे इतना क्षमता संपन्न बनाना चाहते हैं जो निर्यात की जांच परख कर सके? अगर वे ऐसा चाहते भी हैं तो इससे व्यवस्था में तनाव उत्पन्न होगा और संभव है कि चीन के अफसरशाह उन देशों के ग्राहकों और कंपनियों को निशाना बनाएं जो भूराजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। अमेरिका इसका प्रमुख उदाहरण है लेकिन उसके साथ-साथ यूरोपीय देश और भारत भी जद में आ सकता है। ऐसे निर्यात नियंत्रण अब उन चुंबकों पर भी लागू होंगे जिनका निर्माण दुर्लभ खनिजों से होता है और जो वाहन और रक्षा क्षेत्र सहित कई तरह के विनिर्माण में इस्तेमाल किए जाते हैं। कम से कम 2010 से यह बात ज्ञात है कि चीन चुनिंदा अहम खनिजों पर एकाधिकार करना चाह रहा है और वह इस एकाधिकार का इस्तेमाल आर्थिक दबदबा कायम करने के लिए करेगा। यही वह साल था जब चीन ने पहली बार इसे हथियार की तरह बरतते हुए अहम भू-खनिजों का जापान की कंपनियों को किया जाने वाला निर्यात रोक दिया था। उस समय दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ था। तब से अब तक अन्य देशों के पास पर्याप्त अवसर था कि वे वैकल्पिक क्षमताएं विकसित कर लेते।

# और कितने मुर्शिदाबाद ?



**नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल का बड़ा हिस्सा जल रहा है। त्रिपुरा तक में इस आग में जानबूझकर घी डालने का काम किया गया है। बड़ी बात बात यह है कि देश की संसद से पास एक कानून के नाम पर भड़की हिंसा को रोकने के लिए जिन नेताओं से इसके लिए शांति की अपील की उम्मीद होनी चाहिए थी, वही इसे और भड़काने में लगे हुए हैं। इस काम में बड़ी पार्टियों के नेता लगे हुए हैं और वोट बैंक के चक्कर में कोई उन्हें जुबान बंद रखने तक की कहने की हिम्मत नहीं जुटा रहा। कई रिपोर्ट कहती हैं कि पिछले साल उपद्रवियों ने जो हालात बांग्लादेश में बना दिए थे, कुछ समाज विरोधी लोगों ने आज वैसी ही स्थिति मुर्शिदाबाद और आसपास के इलाकों में पैदा कर दी है। सबसे बड़ा सवाल है कि अगर कोई जिम्मेदार नेता इन दंगों को लेकर भड़काऊ बयान दे रहा है या दे चुका है तो उसपर कार्रवाई कब होगी?**

नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल का बड़ा हिस्सा जल रहा है। त्रिपुरा तक में इस आग में जानबूझकर घी डालने का काम किया गया है। बड़ी बात बात यह है कि देश की संसद से पास एक कानून के नाम पर भड़की हिंसा को रोकने के लिए जिन नेताओं से इसके लिए शांति की अपील की उम्मीद होनी चाहिए थी, वही इसे और भड़काने में लगे हुए हैं। इस काम में बड़ी पार्टियों के नेता लगे हुए हैं और वोट बैंक के चक्कर में कोई उन्हें जुबान बंद रखने तक की कहने की हिम्मत नहीं जुटा रहा। कई रिपोर्ट कहती हैं कि पिछले साल उपद्रवियों ने जो हालात बांग्लादेश में बना दिए थे, कुछ समाज विरोधी लोगों ने आज वैसी ही स्थिति मुर्शिदाबाद और आसपास के इलाकों में पैदा कर दी है। सबसे बड़ा सवाल है कि अगर कोई जिम्मेदार नेता इन दंगों को लेकर भड़काऊ बयान दे रहा है या दे चुका है तो उसपर कार्रवाई कब होगी?

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को ही आरोप लगाया था कि बंगाल में वक्फ कानून के विरोध के नाम पर जो नंगा नाच किया गया है उसके लिए सीधे तौर पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्तरदायी हैं। रिजिजू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ही विरोध करने के लिए लोगों को कहकर और यह दावा करके कि वह संसद से पारित कानून को लागू नहीं करेंगी, साफ तौर से हिंसा भड़का रही हैं।

रिजिजू अकेले नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद और पार्टी के पूर्व पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भी वक्फ कानून को लेकर हो रही घटनाओं के लिए सीधे-सीधे सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि सांप्रदायिक घटनाओं की वजह से बहुत से लोग गोली लगने से जख्मी हैं, लेकिन पुलिस और सरकार सब कुछ छिपा रही है। इतना ही नहीं उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया है कि सूबे की सरकार और पुलिस अगर चाहती तो यह घटना नहीं होती। यह सीधे बंगाल की सरकार की नाकामी है।

एक तरफ जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ऐसा कह रहे हैं, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर सलमान खुर्शीद जो कुछ कह रहे हैं, उसे बहुत ही भड़काऊ कहा जा सकता है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि देखिए एक्शन का रिएक्शन होता है। मुर्शिदाबाद के अंदर भी एक रिएक्शन है। और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। आप अगर किसी के मजहब पर जबरदस्ती हमला करेंगे, तो उसके नतीजे कुछ भी निकल सकते हैं। हमने देखा है सलमान रश्दी के साथ क्या हुआ? हमने देखा है कि भारतीय जनता पार्टी की अपनी एक लेडी स्पोक्सपर्सन के साथ क्या हुआ?..हमने देखा है गोल्डन टेंपल के साथ क्या हुआ? किसी के मजहबी मामले में दखल नहीं देना चाहिए। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी एंटी-मुस्लिम, एंटी-इस्लाम है। उन्होंने वक्फ के कानून को जबरदस्ती थोपा है। वहीं संसद तक में फिलिस्तीन का मामला उठाने वाले हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी से जब बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की घटनाओं के बारे में उनकी राय जानने की कोशिश की गई तो इसपर उनकी अभी तक कोई राय ही नहीं बनी है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है जिसमें वे कह रहे हैं कि वे बंगाल सरकार के प्रवक्ता नहीं हैं। बंगाल सरकार के पास सक्षम लोग हैं और वे आपके सवालों का बेहतरीन जवाब दे सकते हैं। वहीं त्रिपुरा में वक्फ कानून के विरोध में आयोजित एक रैली में शामिल लोगों के हिंसक हो जाने की वजह से जब शनिवार को दो पुलिस वाले जख्मी हो गए तो पुलिस ने उपद्रवियों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान स्थानीय कांग्रेस नेता मोहम्मद बदरुज्जमां की डीआईजी (उत्तरी क्षेत्र) रति रंजन देबनाथ के बीच हो रही बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें कांग्रेस नेता सरेआम पुलिस की बड़ी अधिकारी को धमकाते नजर आ रहे हैं।

उन दोनों के बीच की बातचीत कुछ इस तरह से हो रही है- इतना बड़ा क्राउड को कंट्रोल करना....(डीआईजी- जब आप कंट्रोल नहीं कर पाते तो भीड़ इकट्ठा क्यों कर लेते हैं...आगे से ऐसा नहीं चलेगा, हम कार्रवाई करेंगे)...देखिए धमकी मत दीजिए। आप मुझे धमकी नहीं दीजिए (डीआईजी-मैं कानून के पालन की बात कर रही हूं, धमकी नहीं दे रही। हजार लोग देख रहे हैं...)....हजार लोग नहीं, हम यहां 50 लाख लोग इकट्ठा कर सकते है। आप वॉर्निंग मत दीजिए। यही नहीं हिंसक भीड़ जुटाने के बावजूद वे वही दुहाई दे रहे हैं कि विरोध करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है।

सवाल है कि क्या किसी को माहौल बिगाड़ने के लिए सिर्फ इसलिए छोड़ा जा सकता है कि उसका किसी न किसी राजनीतिक दल से कनेक्शन है? यह देखने वाली बात है कि इन बड़बोले नेताओं पर संबंधित सरकारें कब कार्रवाई करती हैं। नहीं तो बंगाल हिंसा के बीच में जो सियासी खेल चल रहा है, उसकी आग में कितने ही मुर्शिदाबाद झुलस सकते हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से विविधताओं, ध्रुवीकरण और हिंसक टकरावों के लिए जानी जाती रही है। लेफ्ट फ्रंट की दशकों लंबी सत्ता, ममता बनर्जी की उग्र सियासी शैली वाली टीएमसी सरकार और बीजेपी जैसी पार्टी के बढ़ते प्रभाव के बीच ही उभरी है इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) जैसी पार्टी, जो खुद के धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करती रही है,लेकिन वक्फ कानून के विरोध के नाम पर इसके समर्थकों ने जिस तरह से बंगाल हिंसा को हवा दी, उससे इसका धर्मनिरपेक्षता वाला चोला पूरी तरह से उतर चुका है।

सोमवार को कोलकाता और दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में जो हिंसा फैलाई गई, उसने आईएसएफ के 'शांतिपूर्ण विरोध' के दावों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। वक्फ एक्ट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के नाम पर आईएसएफ समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इनके समर्थकों ने न केवल पुलिस बैरिकेड तोड़े, बल्कि पुलिस की गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया गया, जिसमें मोटरसाइकिलें और जेल वैन शामिल थी। शोनपुर मार्केट इलाके में सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया, ताकि उपद्रवियों की पहचान छिपाई जा सके, जिसके चलते रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात करना पड़ा। जब इन प्रदर्शनकारियों को कोलकाता की रैली में जाने से रोका गया, तो हालात बेकाबू ही हो गए। पुलिस पर जमकर पत्थरबाजी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। आईएसएफ विधायक नौसाद सिद्दीकी ने इन घटनाओं को सत्ताधारी टीएमसी की साजिश बताया और भविष्य में भी छह महीने तक शांतिपूर्ण विरोध जारी रखने की बात कहकर एक तरह से पुलिस-प्रशासन और ममता सरकार को सीधी चुनौती दे दी।

लेकिन सवाल है कि क्या खालिस धार्मिक बैकग्राउंड से निकली किसी राजनीतिक पार्टी के लोगों के लिए लोकतांत्रिक देश में अपनी बात कहने के लिए हिंसा और आगजनी का इस्तेमाल करना जायज ठहराया जा सकता है? या इसके धार्मिक अतीत को देखते हुए, यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है?

राजनीतिक दल के रूप में आईएसएफ का उदय 2021 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुआ था। एक मुस्लिम मौलाना पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की अगुवाई में बनी इस पार्टी ने खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हुए अपने पहले ही चुनाव में लेफ्ट फ्रंट और कांग्रेस के साथ तालमेल किया और संयुक्त मोर्चा बनाया। गठबंधन में इसने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता सिर्फ एकमात्र भांगड़ सीट पर मिली, जहां से नौसाद सिद्दीकी ने जीत दर्ज की। लेकिन, इस चुनाव के बाद गठबंधन में दरार आ गई। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले यह टूट गया। तब आईएसएफ के एक कांग्रेस रैली में शामिल होने को लेकर कांग्रेस के भीतर भी विरोध देखा गया था। पिछले साल के लोकसभा चुनावों से पहले नौसाद सिद्दीकी ने स्पष्ट कर दिया कि आईएसएफ किसी भी इंडिया ब्लॉक के दल (टीएमसी या कांग्रेस) के साथ गठजोड़ नहीं करेगी। सिद्दीकी ने कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को बातचीत विफल होने के लिए जिम्मेदार बताया, जिससे यह संकेत निकाला गया कि वह अब खुद को नए विकल्प के रूप में पेश करना चाहती है। एक ऐसा विकल्प जो टीएमसी है, बीजेपी के साथ ही अब कांग्रेस और लेफ्ट से भी अलग है। आईएसएफ का गठन और उसका सामाजिक-धार्मिक प्रभाव पूरी तरह से विरोधाभासी हैं। एक ओर यह पार्टी खुद को हाशिए पर खड़े समुदायों की आवाज बताती है, वहीं धार्मिक नेतृत्व के हाथ में इसकी कमान और सांप्रदायिक बयानबाजी से यह प्रश्न उठते हैं कि क्या यह पार्टी वास्तव में धर्मनिरपेक्ष है? मौलाना अब्बास सिद्दीकी की भूमिका, पार्टी की गतिविधियों में धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल, और वक्फ एक्ट जैसे विषयों पर हिंसक विरोध दिखाते हैं कि पार्टी अपने सेक्युलर नाम से कहीं ज्यादा धार्मिक पहचान की पैरोकारी में जुटी है। आईएसएफ का अब तक का सफर विरोधाभासों से भरा रहा है। एक ओर यह धर्मनिरपेक्षता की बात करती है, दूसरी ओर धार्मिक पहचान इसकी राजनीति का आधार बन जाती है। एक तरफ यह लोकतांत्रिक विरोध का दावा करती है, दूसरी ओर इसके समर्थक सड़कों पर हिंसा करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में, जहां धर्म, जाति और वर्ग की राजनीति में गहरी पैठ है, वहां करजा की भूमिका को केवल एक उभरती पार्टी के रूप में नहीं देखा जा सकता। कोलकाता की घटनाओं के बाद तो लगता है कि इसके शांति के लबादे और सड़कों पर डायरेक्ट एक्शन की वजह से आक्रोश और अस्थिरता पैदा हो सकती है।

# खेतो की नरवाई जलाने वाले 17 किसानो पर राजस्व विभाग ने करवाई एफआईआर

## एसडीएम ने की बड़ी कार्रवाई की पहल

**अजय बचले** आमला। तहसील अमाला अतर्गत श्रीमान कलेक्टर महोदय एवं जिला दण्डाधिकारी महेश्दय बैतूल के आदेश क्र0/उसकु/नरवाई/2024-25/5031 दिनांक 19.02.2025 के अनुसार नरवाई को आग लगाने पर रोक लगाई गई थी जिसके उपरांत भी कृषकों द्वारा कलेक्टर के आदेश की आवेहलना की गई है. जिसके पालन में थाना आमला एवं थाना बोरदेही के निम्नानुसार कृषकी पर एफ आई आर दर्ज कराई गई है।

एसडीएम शैलेन्द्र बडोनिया ने बताया की किसानो को नरवाई नही जलाने के निर्देश दिये जाने पर आदेशो की अवेहलना की जा रही है जिससे क्षेत्र मे अन्य किसानो की फ़सले आग की चपेट मे आ जाने से उन्हे नुकसान होता है ।जिला कलेक्टर के आदेशानुसार कृषक रेवा बाई पिता कुसु भोयर परसोड़ी श्याम पिता परसनाथ,वासुदेव ,संतोष जय प्रकाश ,वीरेंद्र पिता सूरतलाल भोयर,रामशंकर ,कैलाश ,शिवप्रसाद भोयर,दिनेश गणेश पिता फद्दू,अमरसिंग पिता अजित लाल जयनाथ जगन्नाथ पिता छुन्ना दौड़ावनी, तुलसीराम पिता पतंग डोडा वानी बाबू पिता घिन्नू,दशरथ पिता सुमेर सिंह बम्हनी,सरोज पिता मल्लू ब्राह्मणवाड़ा,राजेंद्र विजय पिता साहेबराब सोनेगाँव,जियालाल पिता भागमल खारी, कपुर पिता सिल्ली बाबरभोह,गजानन्द पिता कुंवरलाल हथनोरा केलाश पिता जागो केहलपुर किशोरी पिता सुंदर केहलपुर पर नरवाई जलाने पर पुलिस मे शिकायत कर प्रकरण दर्ज करवाया गया है वही सभी हलका पटवारीयो को निर्देशित किया है की तहसील अंतर्गत सभी हलका क्षेत्रों मे सतत निरीक्षण कर नरवाई जलाने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाए ।

## बड़वानी जिला जल अभावग्रस्त घोषित

# पेयजल एवं निस्तार के अतिरिक्त अन्य जगह पानी का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित



**राजेश नाहर** बडवानी जिले में विगत वर्षो में कम वर्षा होने के कारण भू-जल स्तर में आशानुरूप वृद्धि नही हुई है तथा आगामी ग्रीष्म में और अधिक गिरावट होने की संभावना है इसके मद्देनजर कलेक्टर बड़वानी सुश्री गूंजा सनोबर ने 16 अप्रैल से सम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर पानी का उपयोग पीने व निस्तार के अलावा अन्य कार्यो में करने को प्रतिबंधित किया है।कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण (संशोधित) अधिनियम 2002 के अंतर्गत अन्य आदेश होने तक सम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर जल स्त्रोतो कुए, तालाब, नदी, हेण्डपम्प, ट्यूबवेल से पेयजल एवं निस्तार हेतु जल के उपयोग को छोड़कर अन्य उपयोग हेतु निम्नानुसार प्रतिबंध आदेषित किया है। उक्त अधिनियम में उपबंधित नियमानुसार अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति के बिना तथा पूर्व से स्थापित नलकूप की 150 मीटर की त्रिज्या में कोई भी नलकूप खनन नहीं करवा सकेगा। बिना अनुमति अवैध उत्खनन के मामलों में उक्त अधिनियम में उपबंधित नियमानुसार अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यवाही करेंगे ।

# जोबट पुलिस द्वारा निर्मम हत्या का 36 घण्टो के अंदर किया पर्दाफाश

## आरोपीया पत्नि ने ही अपने पति का दर्दनाक कत्ल किया

**आरोपिया को गिरफ्तार करने मे मिली बड़ी सफलता**



**संजय राठौड़** अलीराजपुर जोबट- पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के मार्ग दर्शन में एवं एसडीओपी जोबट नीरज नामदेव के नेतृत्व में हत्या का हुवा पर्दाफाश दिनांक 16.03.2025 को को सूचनाकर्ता नरसिंह पिता वेरसिंह डावर जाति भीलाला, निवासी गाता फलिया, ग्राम बड़ागुड़ा ने पुलिस थाना जोबट पर उपस्थित होकर सूचना दी की ''उसके भाई रायसिंह अपने ही घर के अंदर मृत पाया गया है तथा मृतक की पत्नि भी घर से फरार है।'' सूचनाकर्ता की सूचना पर से थाना जोबट पर मर्ग क्र 33/2025 पंजिबद्ध किया जाकर जांच मे लिया गया। दौराने जांच पाया गया कि मृतक की मृत्यु गला दबने से दम घुटने से होना पाई गई है। जिससे स्पष्ट हो गया कि मृतक की हत्या कि गई है मर्ग जांच पर से उक्त मामला हत्या का होना पाया जाने से थाना जोबट पर अपराध क्र 135/2025 धारा 103 भा. न्या. सं. का पंजिबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना मृतक की पत्नि की तलाश कर पुछताछ करते मृतक की पत्नि आरोपीया ललीता पति स्वं. रायसिंह डावर निवासी गाता फलिया, ग्राम बड़ागुड़ा ने ही अपने पति रायसिंह की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करना बताया गया। जिससे आरोपीया ललीता को गिरफ्तार किया गया व घटना मे प्रयुक्त लुगड़ा (महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला कपड़ा) जप्त किया गया है। आरोपीया से पुछताछ पर आरोपीया द्वारा बताया गया कि मृतक पति के साथ उसका लड़ाई-झगड़ा चलता रहता था जिससे तंग आकर उसने अपने ही दुपट्टे से अपने पति रायसिंह का गला घोटकर हत्या कर दी है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**- उक्त आरोपीयों को पकड़ने में थाना प्रभारी जोबट निरीक्षक विजय वास्कले, सउनि फुलसिंह अजनार, सउनि अजय यादव, म प्रआर 311 अनिता , म प्रआर 03 सपना, प्रआर 341 दशरथ, आरक्षक 74 गजेन्द्र, आरक्षक 453 मनिष का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

# अलीराजपुर जिले के बोरी थाने में पदस्थ एस आई कटारा का शव कुएं में तैरता मिला

## नगीनलाल कटारा की हत्या हुई या आत्महत्या जांच में होगा खुलासा मामला संदिग्ध...?

**सौरभ खिमेसरा/राधेश्याम राठौड**



मेघनगर/बोरी/अलीराजपुर- झाबुआ जिले के मेघनगर तहसील के रंभापुर क्षेत्र के कटारा टोडी के रहने वाले उप निरीक्षक नगीनलाल कटारा का शव उनके ससुराल ग्राम सजेली के एक कुएं में तैरता हुआ मिला। पुलिस को सूचना मिलते ही मेघनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कुएं में से शव को बाहर निकलवाया ओर मर्ग कायम कर पीएम हेतु अस्पताल भिजवाया । कटारा की मौत क्यों,ओर कैसे किस परिस्थिति में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन उनकी मौत ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियो में होना कई संदेह ओर सवालों को जन्म दे रही है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ प्रारंभ कर दी है। आपको बतादे वर्तमान में नगीनलाल कटारा उप निरीक्षक अलीराजपुर जिले के बोरी थाने में पदस्थ थे। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया ओर शव पीएम हेतु अस्पताल भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर सारी स्थिति स्पष्ट होगी उसके अनुसार जांच भी होगी फिलहाल यह कहना मुश्किल है श्री कटारा की हत्या हुई या आत्महत्या की है या कोई हादसा हुआ यह जांच में खुलासा होगा।

# एमजी रोड पर हुई सोने के झुमके चोरी करने वाला शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर- पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा बताया गया कि दिनांक 13.04.2025 को फरियादी जगु पिता दिपसिंह चौहान निवासी बोरखड अलीराजपुर द्वारा थाना कोतवाली अलीराजपुर पर रिपोर्ट किया कि मैं व मेरी पत्नि अलीराजपुर में चाँदी के जेवर खरीदने के लिये अलीराजपुर आये थे । मेरी पत्नि रेखा ने पहले से खरीदी हुई सोने के झुमके ठीक करवाने के लिये झुमके वाले पर्स को थैली में रखकर लायी थी । मेरी पत्नि ने पर्स मे से 20000/- हजार रूपये निकालकर मुझे दिये तथा झुमके वाले पर्स को थैली में रख दिया । फिर थोडी देर बाद मेरी पत्नि ने देखा तो झुमके रखी थैली वहाँ पर नही थी। कोई अज्ञात बदमाश फरियादी की पत्नी की सोने के झुमके किमती करीबन 90,000/- रुपये की चुराकर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक-180/2025 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया । विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास के 30 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों को बारिकी से देखकर एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों पर शंका होने पर गिरफ्त में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी मलखानसिंह पिता लखन सोलंकी जाति पारदी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रावद थाना बेटमा जिला इन्दौर द्वारा एमजी रोड काकडीवाला की दुकान के सामने से सोने के झुमके चोरी करना स्वीकार किया गया । आरोपी मलखान के कब्जे से चोरी गये सोने के झुमके कीमती 90,000/- रूपये के बरामद किये गये । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सोनू सिटोले थाना प्रभारी कोतवाली, प्रआर 104 हनुमंत, आर गंगाराम, आर नागरसिंह, मआर रीना मण्डलोई, मआर रविना का सराहनीय योगदान रहा ।

# जैन मदिंर मे हुई चोरी का पर्दाफाश दो आरोपी गिरफ्तार



**संजय जैन जिला ब्यूरो** झाबुआ- दिनांक 10-11.04.2025 की दरमीयानी रात को ग्राम पिटोल छोटी स्थित जैन मदिंर मे अज्ञात चोरो के द्वारा मंदिर का नकुचा व ताला तोड़कर उसमे रखे 01 मुलनायक भगवान नागेश्वर पार्शवनाथ की पाषाण की प्रतिमा व 02 पीतल की छोटी प्रतिमा व 01 पीतल की आरती व थाल, भागवान के आर्टिफिश्यल आभुषण व 06 आर्टिफिश्यल छत्र, 02 दान पेटी जिसमे रखे नकदी 10,000 रूपये नहीं थे। फरियादी जय पिता मनोहरलाल भण्डारी निवासी लक्ष्मीबाई मार्ग झाबुआ की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली झाबुआ मे अप.क्रं.266/25 धारा 305 बीएनएस का पजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त घटना की सूचना मिलते ही तत्काल संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के द्वारा कुछ विशेष बिंदुओं पर कार्य करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे एवं अअपु श्रीमति रुपरेखा यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली झाबुआ निरी. रमेशचन्द्र भास्करे के नेतृत्व में टीमों का गठन कर पिटोल जैन मदिंर मे हुई चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कोतवाली झाबुआ एवं चौकी पिटोल की टीम द्वारा अप. क्रं. 266/2025 धारा 305 बीएनएस के आरोपीगण दिनेश पिता बदिया डामोर निवासी ग्राम कयडावद बडी थाना कोतवाली झाबुआ एवं कालु पिता पारू भुरिया निवासी ग्राम काचला थाना कल्याणपुरा को गिरफ्तार किया जाकर जैन मदिंर पिटोल मे चौरी गया माल दो हार एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे की टामी,व दान पेटी से चुराये हुये रूपये मे से हिस्से मे आये रूपये नकदी 520 रूपये को बरामद किया ।

सहरानीय कार्य -निरी. रमेश चन्द्र भास्करे, उनि अशोक बघेल, सउनि.उमेश मकवाना, सउनि.ओमप्रकाश जोशी, सउनि.राजेश गुर्जर, ,प्र.आर.323 दिलीप डावर, आर.गणेश, आर.192 अजीत,आर.441 कैलश, आर.08 मुकेश ,आर.592 गोपाल का सराहनीय कार्य रहा है।

## नये संशोधित अधिनियम में जन्म एवं मृत्यु पंजीयन कार्य में की गई लापरवाही को अपराध माना गया

**सुनील मुनिया धार**- जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में विलंब करने, लापरवाही करने, विलंब से सूचना देने पर भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक 2023 एवं मध्यप्रदेश राज्य जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (संशोधित) नियम 2024 अनुसार धारा 23 के अधीन जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य में लापरवाही बरतने, समय पर सूचना न देने, समय पर प्रमाण पत्र जारी नही करने, कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करने आदि को दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। जिला योजना अधिकारी ने बताया कि संशोधित अधिनियम की धारा 23 (1) ख के अनुसार शासकीय चिकित्सालयों, शासकीय प्रसूति गृह, या अन्य समान संस्थाओं में चिकित्सालय का चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित शासकीय चिकित्सालय रजिस्ट्रार को एक सप्ताह के भीतर सूचना देगा। सूचना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रेषित करने की भी सुविधा भारत सरकार द्वारा सीआरएस पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई हैं। इसी तरह निजी चिकित्सालयों, निजी नर्सिंग होम, निजी प्रसूति गृह के अधिकृत अधिकारियों के द्वारा भी जन्म-मृत्यु की घटनाओं को सात दिवस के भीतर संबंधित नगरीय निकायों के रजिस्ट्रारों को सूचित करना होगा। सूचना ऑनलाइन भी दी जा सकेगी। संशोधित अधिनियम 2024 की धारा 23 की उपधारा (1), (2) व (4) के अधीन अपराधों के लिये 250 रूपये दण्ड के प्रावधान है एवं धारा 23 की उपधारा 3 के अन्तर्गत अपराध करने पर 50 रूपये दण्ड के प्रावधान है। इसके अलावा धारा 23 की उपधारा (1 क) और (4 क) के अधीन प्रत्येक जन्म मृत्यु पंजीयन के संबंध में किये जाने वाले अपराधों के लिये अधिकतम एक हजार रूपये दण्ड के प्रावधान है।

इस प्रकार नये संशोधित अधिनियम में जन्म एवं मृत्यु पंजीयन कार्य में की गई लापरवाही को अपराध माना गया है। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने पर अतिरिक्त मुख्य जिला रजिस्ट्रार (कलेक्टर), जिला रजिस्ट्रार (जिला योजना अधिकारी) स्वयं संबंधित रजिस्ट्रार अधिनियम की धाराओं के तहत दंडित करने के लिये राज्य शासन द्वारा प्रथक-प्रथक शक्तियां प्रदत की गई हैं। जिला कलेक्टर द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य के सभी रजिस्ट्रारों शासकीय चिकित्सालयों के रजिस्ट्रारों एवं निजी चिकित्सालयों के सूचनादाता अधिकारियों संबंधित ग्राम पंचायत के उपरजिस्ट्रारों एवं सूचनादाताओं को अधिनियम के प्रावधानों के तहत समयावधि के भीतर कार्य करने के निर्देश दिये गये।

# पोषण पखवाड़ा सिर्फ एक जागरूकता अभियान नहीं है बल्कि

## यह पोषण, एक मां, एक बच्चा और एक समय में एक भोजन को बदलने का एक आंदोलन है



**भैंसदेही** - म. प्र. शासन द्वारा पोषण आहार पखवाड़ा का आयोजन 8अप्रैल से 22 अप्रैल किया जाना है जिसके तहत आज 16 अप्रैल को सेक्टर खोमई में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत की पंच माया खांडे एवं अन्य जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। पोषण पखवाड़ा उत्सव पोषण के प्रति जागरूकता एव कुपोषण को कम करने के उद्देश्य से इसे जन आंदोलन का स्वरूप देकर मनाया जा रहा है।माह अप्रैल में पोषण पखवाड़ा मनाए जाने हेतु मुख्य रूप से चार थीम हैं। जिसमे प्रथम चरण में जीवन चक्र के 1000 दिवस, द्वितीय चरण में पोषण प्रबंधन, तृतीय चरण में कुपोषण को कम करने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मोटे अनाज, हरे पत्तेदार सब्जियां एवं इनका उपयोग एवं चतुर्थ चरण मे पोषण तथा स्वक्षता के प्रति जागरूकता का प्रचार करना शामिल है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास भैंसदेही द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाए, व्यक्तिगत एव सामुदायिक स्तर पर प्रबंध को बढ़ावा देना जैसी बातों की साझा किया गया है। परियोजना अधिकारी ऊषा मसीह द्वारा सभी के समक्ष कुपोषण को दूर करने के लिए बच्चों संतुलित पौष्टिक आहार दे गर्भवती महिलाओं सभी माताओं एवं किशोरियों को एनीमिया की रोकथाम के लिए उपचार हेतु एवं बच्चों के शारीरिक विकास के लिए विटामिन, मिनरल प्रोटीन युक्त डाइट को शामिल करना आवश्यक है जैसी बातें बताई गई।

सेक्टर खोमई के आंगनवाड़ी केंद्र खोमई 1 में सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती सुनीता सेलू द्वारा उत्साहवर्धक जोश के साथ साफ सफ़ाई के बारे मे कुपोषण को दूर करने के बारे में एवं जन जागरूकत फैलाने हेतु कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया गया कि आप अपने कार्य के दौरान कुपोषण को दूर करने के लिए ग्रहभेट देकर मोटे पौष्टिक अनाज युक्त संतुलित आहार देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक कार्डिनेटर डिलेशवरी लिल्हारे द्वारा बताया गया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान पोषण देकर में नवीन बच्चों की प्रविष्टि कर 10 दिवसीय शारीरिक माप करे । लगातार मॉनिटरिंग करे समय समय एफ आर एस एवं ई केवासी की प्रक्रिया पुन करें। एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति स्वयं भी जागरूक होकर उन्हें पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें। ताकि बच्चा स्वास्थ्य होने के साथ साथ मानसिक शारीरिक विकास को भी प्राप्त करे।

## भाजपा मंडल खेतिया की कार्यकारिणी घोषित




**राजेश नाहर, खेतिया** भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने संघठन प्रभारियों की सहमति से भाजपा मंडल खेतिया की कार्यकरणी घोषित की है।रामचन्द्र सोनिस की अध्यक्षता में हरीश चौहान,छोटू पवार, श्रीमती लता बाई गवले,नवल वास्कले,जगदीश चौधरी व श्रीमती अंजनाबाई निकुम को उपाध्यक्ष,संजय भोंसले व पंडित माली महामंत्री तथा मनीष चौहान, श्रीमति हिरकन बाई मोरे,सुनील सोनी, श्रीमती दुर्गा जाधव, श्रीमती द्वारका चौहान व पुष्कर पंवार को मंत्री, मनोज जैन को कोषाध्यक्ष एवं दीपक सोनिस को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।नवगठित मंडल भाजपा की कार्यकारिणी को विधायक श्याम बर्डे ने बधाई देते संघठन हित मे सदैव सक्रिय रहने की अपील की

## खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी सदस्यो की ई-केवायसी 30 अप्रैल-2025 तक

**थांदला एसडीएम थांदला ने समिति प्रबंधक और विक्रेताओं की ई केवाईसी की समितिवार और दुकान वार समीक्षा की**



हरीश पँचालथांदला-अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थांदला तरुण जैन ने समिति प्रबंधक और विक्रेताओं की ई केवाईसी की समितिवार और दुकान वार समीक्षा की गई। थांदला ब्लॉक के समस्त विक्रेताओं को मोबाइल ऐप मेराकेवाईसी के माध्यम से केवाईसी करने के संबंध में जेएसओ सुरेश तोमर द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण और निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान केवाईसी का प्रतिशत 75% से कम पाए जाने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम दौलतपुरा, बालवासा, भेरूगढ, हेडावा, पलासडोर, बिहार, सादेडा-केशरपुरा, तलावडा, कलदेला, गोरीयाखन्दान, धूमिडया, टिमरवानी छोटी, धामनी, नहारपुरा, मुंजाल, रननी, छायन, देवका के सेल्समैन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया सात दिवस में प्रगति के साथ जवाब मांगा गया है बैठक में निर्देशित किया गया कि पीडीएस उपभोक्ताओं की ई केवाईसी शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण की जाये। ऐसे परिवार के सदस्य जिनकी उम्र कम होकर फिंगर का मिलान नहीं हो पा रहा है ऐसे सदस्य मेराकेवाईसी मोबाइल ऐप के माध्यम से आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेज कर चेहरा सत्यापन के माध्यम से केवाईसी रजिस्टर्ड कर सकते हैं। समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग के समिति प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक पारसिंह मुनिया उपस्थित रहे।

# खरगोन में देश के 448वें पासपोर्ट सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

## सांसद गजेंद्र पटेल एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने किया शुभारंभ

**कल्पेश सोनी** खरगोन- शहर के एसडीएम कार्यालय परिसर स्थित भवन में 17 अप्रैल को सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा, विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी केजे श्रीनिवासन, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरासिया, वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर खण्डवा आसिम खान, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, एसडीएम बीएस कलेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में देश के 448वें नवीन डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। सांसद गजेंद्र पटेल एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने केंद्र का फीता काटकर एवं केंद्र पर पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर खरगोन पासपोर्ट केंद्र द्वारा खरगोन निवासी सतीश चन्द्र अक्का राजू का प्रथम पासपोर्ट बनाया गया। अतिथियों द्वारा केन्द्र पर बना प्रथम पासपोर्ट सतीश चन्द्र को प्रदान किया गया। सांसद



गजेंद्र सिंह पटेल ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि खरगोन में पासपोर्ट सेवा केंद्र का खुलना इस जिले के लिए एक बड़ी सौगात और उपलब्धि है। जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरुआत होने से विदेश जाने के इच्छुक नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में समय और धन दोनों की बचत होगी। पासपोर्ट बनाने के लिए खरगोन जिले के नागरिकों को अब इंदौर, भोपाल, खंडवा जैसे केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। खरगोन में पासपोर्ट केंद्र बन जाने से इस जिले के व्यापारियों, छात्र-छात्राओं एवं पर्यटकों को लाभ होगा। इससे जिले के विकास को गति मिलेगी और व्यापार, व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सांसद पटेल के प्रयासों से केंद्र सरकार द्वारा खरगोन जिले को एक नई सौगात दी गई है। यह सौगात खरगोन जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस केंद्र के बनने से खरगोन जिले के नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने के लिए अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। कार्यक्रम को विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी श्रीनिवासन, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर क्षेत्र श्रीमति प्रीति अग्रवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया एवं वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर खण्डवा आसिम खान ने भी संबोधित किया।

# जबेरा विधानसभा स्तरीय नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ समापन मंत्री श्री लोधी ने वितरित किए पुरस्कार

जबेरा विधानसभा के नगर नोहटा में नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का समापन हो गया है इस आयोजन में विधानसभा के छोटे छोटे गांवों से 32 टीमों ने सहभागिता और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। इन दिनों मंत्री के अनुज नीतेन्द सिंह निरंतर अलग अलग स्थानों पर खेलों का आयोजन करा रहे हैं और युवाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं। नीतेंद्र सिंह ने बताया कि माननीय मंत्री जी के निर्देशन में विधानसभा में निरंतर खेलो का आयोजन किया जा रहा है इसके पहले नोहटा एनपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, तेंदूखेड़ा में टीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, नोहटा में वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे खेलों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है जिससे अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं और खेलों को प्रति सभी के बीच रुचि बनी हुई है खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास किया जा सकता है। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इस आयोजन तेंदूखेड़ा एवं करौंदी (पड़रिया) के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए करौंदी ने विजय प्राप्त की।। इस







टूर्नामेंट का शुभारंभ 06 अप्रैल 2025 को किया गया जो 10 दिन तक चला जिसमें 32 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अंतिम दिवस विजेता एवं उपविजेता अपनी कड़ी मेहनत के दम पर फाइनल तक पहुंची। इस आयोजन के संरक्षक मेरे अनुज नीतेन्द्र सिंह जी एवं उनके समस्त सहयोगियों के द्वारा इस आयोजन में निरंतर मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया मैं समस्त सहयोगी एवं अनुज को बहुत बधाई शुभकामनाएं देता हूं।खेलों के माध्यम से युवाओं को निरंतर जबेरा विधानसभा में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं आने वाले समय में युवा खिलाड़ी अपने ग्राम माता-पिता सहित प्रदेश में अपना नाम रोशन करेंगे जिससे हम सभी गौरवान्वित होंगे।। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं करता हूं। टूर्नामेंट में अपना सहयोग प्रदान कर रहे टेक्निकल टीम, अंपायर,कोच,कॉमेंटेटर एवं समस्त समिति और सहयोगियों काम में सहृदय धन्यवाद ज्ञापन करता हूं।। आप सभी की मेहनत से कार्यक्रम सफल और चर्चित बना हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सत्येंद्र सिंह, विनोद बाजपेई विकासखंड शिक्षा अधिकारी , भाव सिंह लोधी,सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन,मूरत सिंह, सत्यपाल सिंह, संत कुमार पाल, बंटी दुबे, रोहित जैन, संग्रामसिंह, मनोहर सिंह जी सहित कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।।

# आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 32वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हरा दिया है। आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 11 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली ने केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स की मदद से संदीप शर्मा की 4 गेंदों पर ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस जीत के साथ दिल्ली अंक तालिका में 10 अंकों के साथ पहले नंबर पर पहुंच गई है। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल ने 49 और केएल राहुल ने 38 रन बनाए। जबकि ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद) और अक्षर पटेल ने 34-34 रन का योगदान दिया। वहीं आशुतोष शर्मा ने नाबाद 15 रन बनाए। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले, जबकि महीश तीक्ष्णा एवं वनिंदु हसरंगा के खाते में एक-एक सफलता रही। दिल्ली की ओर से मिले 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की तूफानी शुरुआत रही। कप्तान संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ने 6 ओवर में 63 रन बनाए। हालांकि तभी सैमसन रिटायर्ड हर्ट हो गए। सैमसन ने 31 रन बनाए। इसके बाद रियान पराग ने क्रीज पर उतरे लेकिन ज्यादा कुछ कर नहीं सके और आठ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद नीतीश राणा ने यशस्वी का अच्छा साथ दिया। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े तभी यशस्वी 51 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तब राणा ने ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर 49 रन जोड़े और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। इश बीच नीतीश राणा भी अपना अर्धशतक पूरा कर आउट हो गए, उन्होंने 51 रन की पारी खेली। आखिर के छह गेंदों पर राजस्थान को जीत के लिए 9 रन की जरूरत थी और जुरेल के साथ शिमरॉन हेटमेयर क्रीज पर थे, लेकिन मिशेल स्टार्क की धाकड़ गेंदबाजी और एक के बाद एक यॉर्कर ने राजस्थान की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। स्टार्क ने सिर्फ 8 रन दिए, जिससे राजस्थान 20 ओवर में 188 रन ही बना सकी।



तब सुपर ओवर की ओर खेल मुड़ गया, जहां दिल्ली ने बाजी मारी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और मिचेल स्टार्क ने 1-1 विकेट लिया।

## आईएसएसएफ विश्व कप, लीमा - सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली, । लीमा (पेरू) में चल रही आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सुरुचि इंदर सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में चीनी जोड़ी को दी मात स्वर्ण पदक मुकाबले में सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने चीन की कियानसुन याओ और काई हू की जोड़ी को 17-9 के अंतर से पराजित किया। दोनों भारतीय निशानेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य भेदा और खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।कांस्य पदक मुकाबले में मनु-रविंदर हारे कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में भारत की मनु भाकर और रविंदर सिंह की जोड़ी को चीनी निशानेबाजों चियानके मा और यीफान झांग के हाथों 6-16 से हार का सामना करना पड़ा। सुरुचि का दूसरा स्वर्ण, सौरभ को भी व्यक्तिगत कांस्य मंगलवार को 18 वर्षीय सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस स्पर्धा में उन्होंने अपनी सीनियर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

# इंटर मिलान ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

**मिलान।** इंटर मिलान ने यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के क्वार्टरफाइनल के रोमांचक मुकाबले में बायर्न म्यूनिख को 4-3 के एग्रीगेट स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बुधवार देर रात सान सिरो स्टेडियम में हुए दूसरे लेग का मुकाबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ, लेकिन पहले लेग में मिली 2-1 की जीत के चलते इटालियन चैंपियन इंटर ने अंतिम-4 में प्रवेश किया। अब इंटर का मुकाबला सेमीफाइनल में बार्सिलोना से होगा।



**लौटारो और पावार्ड के गोल ने इंटर को दिलाई बढ़त** बारिश और तेज़ हवाओं के बीच खेले गए इस मुकाबले में पहले हाफ तक दोनों टीमों के बीच गोल नहीं हुआ। हालांकि, दूसरे हाफ में मुकाबला रोमांचक हो उठा। बायर्न के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने 52वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबले को नई जान दे दी। इसके बाद इंटर के कप्तान लौटारो मार्टिनेज ने 58वें मिनट में गोल दागकर इंटर को फिर से बढ़त दिलाई। महज तीन मिनट बाद, बेंजामिन पावार्ड ने एक शानदार हेडर से गोल कर इंटर को निर्णायक बढ़त दिला दी। डायर ने दिलाई उम्मीद, लेकिन समर ने बचाई जीत 75वें मिनट में एरिक डायर ने बायर्न के लिए हेडर के जरिए गोल कर मुकाबले को फिर रोमांचक बना दिया। इसके बाद बायर्न ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया। स्टॉपेज टाइम में हैरी केन का हेडर इंटर के गोलकीपर यान समर ने शानदार तरीके से रोक लिया और यहीं से इंटर की जीत तय हो गई।

**सान सिरो में दिखा अलग नज़ारा, ट्रेबल सपना ज़िंदा** इंटर मिलान के फैंस ने टिकट की बढ़ी कीमतों के विरोध में शुरुआती 20 मिनट तक स्टेडियम में सन्नाटा बनाए रखा। इसके बाद फैंस ने जोरदार शोर और गानों से अपनी टीम का हौसला बढ़ाया।

इंटर अब 2010 के जोसे मोरिन्हो युग की तरह एक बार फिर से सीरी ए, चैंपियंस लीग और इटालियन कप ट्रेबल जीतने की ओर बढ़ रही है। टीम इस समय इटली की लीग टेबल में नेपोली से तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है और डोमेस्टिक कप के सेमीफाइनल में एसी मिलान से भिड़ने वाली है।

# Gold ने बनाया नया रिकॉर्ड, 1 लाख से बस इतना दूर, एक्सपर्ट ने कहा- जारी रहेगी सोने में तेजी

**बिजनेस डेस्क:** दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने ने एक और रिकॉर्ड बना लिया। 10 ग्राम सोना 1,650 की बड़ी छलांग लगाकर 98,100 तक पहुंच गया, यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वैश्विक व्यापार तनाव, खासकर अमेरिका और चीन के बीच, निवेशकों को सुरक्षित विकल्प की ओर मोड़ रहा है और सोना फिर से सबसे पसंदीदा ठिकाना बन गया है। मार्केट एक्सपर्ट राघवेंद्र सिंह का कहना है कि मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए, अक्षय तृतीया या इसी महीने के अंत तक सोना 1,00,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को छू सकता है। वो इसे शादी और दीर्घकालिक निवेश के लिए एक शानदार अवसर मानते हैं।

**क्यों बढ़ रही है तेजी**

अमेरिका-चीन व्यापार टकराव तेज हुआ है।

प्रमुख देश जैसे अमेरिका, रूस और चीन फिजिकल गोल्ड स्टॉक कर रहे हैं।

अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें भी कीमतें चढ़ा रही हैं।

**स्टॉक मार्केट जैसा बर्ताव कर रहा है सोना**

राघवेंद्र सिंह ने चेतावनी दी है कि अब सोना भी शेयर बाजार की तरह व्यवहार करने लगा है, कीमतें ऊंची लेकिन स्थिरता की कमी। यह अस्थिरता निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

**चांदी भी पीछे नहीं**

चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल आया। 1,900 की बढ़त के साथ चांदी 99,400 प्रति किलोग्राम हो गई। यह भी पिछले कुछ सालों का उच्चतम स्तर है।

कोटक सिक्योरिटीज की कायनात चैनवाला कहती हैं कि जब तक व्यापार तनाव खत्म नहीं होता, सोने की यह रफ्तार जारी रह सकती है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया







**उज्जैन। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन द्वारा गुरूवार 17 अप्रैल को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम नजरपुर में समिति अध्यक्ष डॉ.भंवरसिंह जी केलवा के निवास पर जल चौपाल का आयोजन किया गया।**

**इस अवसर पर नवांकुर संस्था क्षिप्रा उपभोक्ता सरंक्षण समिति के अध्यक्ष श्री कैलाश यादव,नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम ज़ीतरखेड़ी के अध्यक्ष श्री हेमेंद्र पाटीदार,समिति अध्यक्ष डॉ.भंवर सिंह केलवा, विकासखंड समन्वयक श्री मोहन सिंह परिहार एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।**

# मेडिकल कॉलेज संरक्षति भूमि के मॉडिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी, 30 अप्रैल को खोले जाएंगे टेंडर

## 260 करोड़ रुपये का प्रारंभिक बजट तय, परमिशनें अंतिम चरणों में, ग्रीन बेल्ट की जमीन होने से अटका था प्रोजेक्ट




**सुनील मुनिया** धार- जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी और सुखद खबर सामने आई है। धार में बनने जा रहे सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई भूमि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में होने के कारण तकनीकी अड़चन आ रही थी, लेकिन अब उस भूमि के मॉडिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। 260 करोड़ रुपये का प्रारंभिक बजट तय करते हुए टेंडर जारी किए गए हैं, जिन्हें 30 अप्रैल को खोला जाएगा। लोक स्वास्थ्य विभाग को कलेक्टर कार्यालय से आवश्यक अनुमतियां भी प्राप्त हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग ने मेडिकल कॉलेज के लिए नवीन आरटीओ कार्यालय के सामने स्थित भूमि स्वास्थ्य विभाग को आवंटित की थी। यह भूमि मास्टर प्लान में संरक्षित (कंजर्वेटेड) श्रेणी में दर्ज थी, जिसके चलते विभाग ने इस भूमि का लैंड यूज बदलने की प्रक्रिया शुरू की थी। अब यह बाधा भी दूर हो चुकी है।

बाउंड्रीवाल निर्माण पूरा - स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण से पहले 2 करोड़ 95 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाया है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद आदिवासी बाहुल्य जिलों के ग्रामीणों का इसका फायदा मिलेगा। इंदौर और बडे शहरों में मरीजों को रैफर करने बाध्यता समाप्त हो जाएगी। निजी हाथों में होगा संचालन = पीपीपी यानि पब्लिक प्राइवेट पॉर्टीसिपेशन के तहत निजी कंपनी द्वारा उक्त मेडिकल कॉलेज का निर्माण और संचालन किया जाएगा, लेकिन शासन भी इस में भागीदार रहेगा। इसमें हर वर्ग को इलाज के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाएगा। जमीन से जुड़ी जो परेशानी आ रही थी वह खत्म हो गई है। विभाग को जमीन अलॉट हुई है मॉडिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मेडिकल कॉलेज के लिए जो टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी वह जारी है उसमें एजेंसियों ने रुचि दिखाते हुए भाग लिया है। जल्दी टेंडर ओपन होंगे

- आरके शिंदे - सीएमएचओं, धार

# NRI से ठगी करने वाले प्रकरण में तीसरा आरोपी, क्राईम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार

**आरोपियों ने अमेरिका में रहने वाले एनआरआई से भारत मेट्रोमोनियल वेबसाइट पर फर्जी आईडी बनाकर की गई थी ठगी।**

**फरियादी के साथ की गई है 2 करोड़ 68 लाख रुपए की ठगी।**

**आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर, की जा रही हैं पूछताछ**

**।अपराध क्रमांक - 71/2025**

**धारा- 419, 420, 34**

**फरियादी - वेकेंट कलगा उम्र 39 वर्ष स्थाई निवासी आंध्र प्रदेश एवं वर्तमान निवासी ग्रीन्सबोरो नॉर्थ कैरोलिना USA**

**आरोपियों के नाम** (1).विशाल जेसवानी (अहमदाबाद से गरफ्तार)

(2).सिमरन जेसवानी उम्र 27 वर्ष निवासी इंदौर

(3).लव माखीजानी उम्र 29 वर्ष निवासी शिवधाम कॉलोनी इंदौर

जब्त माल का विवरण - आरोपी के कब्जे से 01 कार, 01 एक्टिवा सहित अन्य सामग्री जप्त।



**घटना का विवरण-** आंध्र प्रदेश के रहने वाले युवक जो कि वर्तमान में अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में नौकरी करते हैं व एनआरआई हैं, उनके द्वारा शिकायत की गई थी कि भारत मेट्रोमोनियल साइट पर अज्ञात व्यक्तियों ने इंस्टाग्राम मॉडल गर्ल के फोटो अपलोड कर प्रोफाइल बनाकर फरियादी के साथ वैवाहिक रिश्ते के लिए बातचीत की तथा बातचीत के दौरान मोबाइल नंबर शेयर करके व्हाट्सएप के जरिए चैटिंग एवं कॉल पर बातचीत करते हुए फरियादी को भरोसे में लेकर उससे विभिन्न किस्तों में बहाने बनाकर रुपए प्राप्त कर लिए जो राशि लगभग 2 करोड़ 68 लाख रुपए है। शिकायत की जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी सिमरन जेसवानी उम्र 27 वर्ष निवासी इंदौर के द्वारा मार्च 2023 में मेट्रोमोनियल वेबसाइट पर एक इंस्टाग्राम की मॉडल युवती के फोटो को कॉपी कर अपलोड कर प्रोफाइल बनाई गई तथा उस प्रोफाइल पर वैवाहिक प्रस्ताव के चलते फरियादी युवक से चैटिंग की गई और मोबाइल नंबर लेकर व्हाट्सएप के जरिए भी चैटिंग करते हुए स्वयं को बरखा जैसबानी बताते हुए विवाह के संबंध में बातचीत की गई । बाद आरोपिया सिमरन व उसके भाई विशाल के द्वारा लगातार पृथकक्कपृथक बहाने जैसे बीमारी के नाम पर और अमेरिका आने के लिए तथा घर की परेशानियों का हवाला देकर फरियादी से विभिन्न किस्तों में ऑनलाइन अपने खातों तथा परिजनो के खातों में अप्रैल 2023 से जून 2024 की मध्यावधि में 2,68,64,481/- रुपये की धनराशि प्राप्त कर ली गई । पुलिस टीम द्वारा जांच पर से आरोपीयों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में अपराध धारा 419, 420, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया था जिसमें आरोपी (1).विशाल जेसवानी को अहमदाबाद से तथा आरोपिया (2).सिमरन जेसबानी को इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। प्रारंभिक पूछताछ में उक्त प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के साथ आरोपी सिमरन का पति लव माखीजानी के द्वारा भी उक्त अपराध में शामिल होना बताया जिसपर क्राईम ब्रांच के द्वारा आरोपी (3).लव माखीजानी उम्र 29 वर्ष निवासी शिवधाम कॉलोनी इंदौर को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने ठगी के इन पैसों से स्वयं की देनदारी चुकाना, चार एवं दो पहिया वाहनों की खरीदी एवं स्वयं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कार्यों में खर्च करना बताया। पुलिस द्वारा आरोपियों का रिमाण्ड प्राप्त कर, प्रकरण में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही व पूछताछ जारी है

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नागदा पहुंचने पर आत्मीय स्वागत

**उज्जैन,। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नीमच से उज्जैन के नागदा हवाई पट्टी पर पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का भाव भीना स्वागत किया7इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार शर्मा, और स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।**




# कार्यालय नगर परिषद तराना जिला - उज्जैन म.प्र.

क्रमांक / 533/2025 तराना दिनांक 16/04/2025

ई निविदा सूचना

उपरोक्त निविदा सूचना द्वारा ऑनलाईन ई-टेण्डरीग प्रकिया के द्वारा Mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_417073_1 | Construction of Chabutra in ward no. 11 | 1,40,632 | 2,812/- | 1295/- | 6 Month |

01. इच्छुक निविदादाता निविदा सुचना की विस्तृत जानकारी व अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट mptenders.gov.in नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग पर देख सकते है।

2 निविदा सूचना का कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइड पर ही जारी किये जावेगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद तराना
जिला उज्जैन


प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, I0/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उजैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उजैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक :शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) ।